RNI No.: RAJBIL/2017/74400




# NOSEGAY™ PUBLIC SCHOOL

• Year : 09 • No : 05 • December 2025 • For Free Distribution • Monthly

## JEE-NEET में अपार सफलता के बाद

# नोज़गे : CLAT में भी AIR-1

### नोज़गे पब्लिक स्कूल की छात्रा गीताली गुप्ता ने CLAT में हासिल की ऑल इंडिया प्रथम रैंक

*नोज़गे पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। जेईई और नीट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता के बाद अब कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (CLAT ) में भी विद्यालय ने नंबर-वन स्थान प्राप्त किया है। नोज़गे पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा गीताली गुप्ता ने CLAT में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे श्रीगंगानगर जिले का नाम रोशन किया है।*



**कड़ी** प्रतिस्पर्धा के बीच गीताली की यह उपलब्धि उसकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम मानी जा रही है। साथ ही यह विद्यालय के सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण और अनुभवी शिक्षकों के प्रभावी मार्गदर्शन को भी दर्शाती है। गीताली की इस ऐतिहासिक सफलता से विद्यालय परिसर में हर्ष और गर्व का माहौल है, वहीं यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई है।

नोज़गे पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 12 वीं की मेधावी छात्रा गीताली गुप्ता, पुत्री श्री जगदीप कुमार गुप्ता ने प्रतिष्ठित CLAT (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) 2026 में ऑल इंडिया रैंक 1 (जनरल वर्ग) प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। पिता श्री जगदीप कुमार गुप्ता व्यवसायी हैं एवं मां श्रीमती भारती गुप्ता सूचना सहायक के पद पर कार्यरत हैं। गीताली प्रथम कक्षा से इस स्कूल में अध्यनरत हैं। गीताली गुप्ता की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. पी. एस. सूदन, डायरेक्टर जनरल श्रीमती सुरेन सूदन, प्राचार्या निम्फिया सूदन रेड्डी, कॉम्पिटेटिव सेल प्रभारी श्रीमती अंजलि खूंगर सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि गीताली की यह सफलता उसकी निरंतर मेहनत, अनुशासन, समर्पण तथा विद्यालय द्वारा प्रदत्त सुदृढ़ शैक्षणिक मार्गदर्शन का प्रतिफल है।



प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विश्वास व्यक्त किया कि गीताली गुप्ता की यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय परिवार ने गीताली के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय है कि नोज़गे पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु कॉम्पिटेटिव सेल स्थापित है, जिसमें JEE, NEET, UPSC, CLAT, NDA सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है। पूर्व में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने JEE एवं NEET जैसी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉम्पिटेटिव सेल में प्रवेश के लिए एडमिशन सेल इंचार्ज सपना सूदन (93242-23459 )से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में सम्पर्क करें :
**एडमिशन सैल, नोजगे पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर**
मोबाइल नंबर - 93242-23459 (सपना सूदन), 8386838683, 9983255813

## सम्पादकीय...

### निरंतर ऊंचाइयों की ओर
### नोज़गे कॉम्पीटीटिव सैल

**नोज़गे** पब्लिक स्कूल ने शुरू की है कॉम्पीटीटिव सैल। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्कूल परिसर में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की सुदृढ़ तैयारी कराना है, ताकि वे ग्यारहवीं और बारहवीं की पढ़ाई के साथ-साथ जेईई, नीट, क्लैट, सीयूईटी, यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त कर सकें। सीयूईटी-2025 में विद्यालय के 45 विद्यार्थियों का दिल्ली यूनिवर्सिटी में चयन हुआ।



पिछले वर्ष के परिणाम इस प्रयास की सफलता के सशक्त प्रमाण हैं। जेईई और नीट जैसी कठिन परीक्षाओं में नोज़गे के विद्यार्थियों ने उच्च स्तर की रैंक प्राप्त की है। वहीं क्लेट परीक्षा में स्कूल की छात्रा ने आल इंडिया स्तर पर प्रथम रैंक हासिल कर न केवल स्कूल, बल्कि श्रीगंगानगर जिला और पूरे राजस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

नोज़गे पब्लिक स्कूल की विशेषता यह है कि हम बच्चों पर पढ़ाई का अनावश्यक बोझ नहीं डालते, बल्कि उन्हें सही तरीके और सही दिशा में पढ़ाते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले अधिकांश प्रश्न एनसीईआरटी आधारित होते हैं। इसी दृष्टिकोण को अपनाते हुए स्कूल में प्रारंभ से ही एनसीईआरटी आधारित अध्ययन पर विशेष जोर दिया जाता है। परिणामस्वरूप दसवीं तक आते-आते विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव इतनी मजबूत हो जाती है कि वे सामान्य पढ़ाई के साथ थोड़े से अतिरिक्त अभ्यास द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर लेते हैं।

शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कार, आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास भी हमारी प्राथमिकता है। समय-समय पर आयोजित मोटीवेशनल क्लासेज उन्हें लक्ष्य के प्रति प्रेरित करती हैं। वीकली टेस्ट के माध्यम से निरंतर मूल्यांकन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों की प्रगति पर नियमित निगरानी बनी रहती है। कॉम्पीटीटिव सैल में डाउट सैशन और इवनिंग क्लोसज का भी आयोजन किया जाता है, ताकि कोई भी विद्यार्थी पीछे न रह जाए। कॉम्पीटीटिव सैल के लिए स्कूल परिसर में अलग से शांत एवं अनुकूल वातावरण में कक्षा-कक्षों की व्यवस्था की गई है, जहा डिजीटल क्लासरूम के साथ- साथ उच्च गुणवत्ता का स्टडी मैटेरियल उपलब्ध है। इस वर्ष देश की टॉप फैकल्टी का चयन भी किया गया है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकें।

इस व्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ यह है कि विद्यार्थी सफलता प्राप्त करते हैं और अभिभावक मानसिक, आर्थिक तथा भावनात्मक चिंताओं से मुक्त रहते हैं। नोज़गे पब्लिक स्कूल का कॉम्पीटीटिव सैल न केवल एक शैक्षणिक पहल है, बल्कि यह अभिभावकों के विश्वास और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। इस वर्ष भी स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छी रैंक हासिल करेंगे ऐसा विश्वास है।

✍ **डॉ. पी.एस. सूदन**

## CLAT 2026 में 14 विद्यार्थियों ने हासिल किए उच्च रैंक

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर के विद्यार्थियों ने CLAT 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय से कुल 20 विद्यार्थियों में से 14 विद्यार्थियों का कक्षा चयन (Genuine Classroom Selection) होना विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण को दर्शाता है। इस परीक्षा में विद्यालय की छात्रा गीताली गुप्ता, पुत्री श्री जगदीप कुमार गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और जिले का नाम रोशन किया। वहीं CLAT 2026 में चयनित अन्य विद्यार्थियों में खुशी अरोड़ा (एआईआर 247 ईडबल्यूएस), वंशिका मेव (एआईआर 635 एससी), मनविंदर नैन (एआईआर 719 सामान्य), यशस्वी कालरा (एआईआर 2233 सामान्य), स्पर्श खारीवाल (एआईआर 2873 सामान्य), स्नेहदीप कौर (एआईआर 3847 ओबीसी), अर्पण सहारण (एआईआर 4244 सामान्य), नव्या भाटिया (एआईआर 4628 सामान्य), मयंक वर्मा (एआईआर 5291 ओबीसी), ज्योति (एआईआर 5377 ओबीसी), तुषार दाधीच (एआईआर 5481 सामान्य), सांची (एआईआर 6672 सामान्य) तथा हरनूर खुराना (एआईआर 7295 सामान्य) शामिल हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अनुशासित अध्ययन प्रणाली को दिया। नोज़गे पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी. एस. सूदन, डायरेक्टर जनरल श्रीमती सुरेन सूदन एवं विद्यालय की प्राचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नोज़गे पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे पर नन्हे विद्यार्थियों का उल्लासपूर्ण उत्सव




**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल में 23 दिसम्बर को क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी तथा कक्षा एक और दो के नन्हे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। केजी डायरेक्टर श्रीमती ममता सेठी ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला और बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुई। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने आकर्षक परिधानों में क्रिसमस थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि केजी टीचर्स ने भी बच्चों के साथ मंच साझा किया और उनके साथ नृत्य प्रस्तुत किया। क्रिसमस के अवसर पर कक्षा कक्षों को भी विशेष रूप से सजाया गया। रंग-बिरंगे गुब्बारे, क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉज, सितारे और आकर्षक सजावटी सामग्री से कक्षाओं को सजाया गया। इस सजावट ने विद्यालय को एक उत्सव स्थल का रूप दे दिया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी. एस. सूदन, डायरेक्टर जनरल श्रीमती सूरेन सूदन सहित समस्त प्रबंधन एवं स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा। उन्होंने बच्चों की सुंदर प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना की और शिक्षकों के प्रयासों को भी सराहा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी गईं।

## नोज़गे में फूड फेस्टिवल : शानदार आयोजन

### नृत्य व गायन के साथ खाने पीने का लुत्फ

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल में 20 दिसम्बर को फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में लाइव संगीत व नृत्य चलता रहा। साथ ही बच्चे खाने-पीने की आइटम का लुत्फ उठाते रहे। खास बात यह रही कि खाने- पीने की वस्तुएं तैयार करने वाले विद्यार्थी थे और परोसने वाले भी विद्याथी। ग्राहकों के रूप में खाने- पीने वाले भी विद्यार्थी ही थे। स्कूल के बड़े पार्क में यह आयोजन किया गया। जिसने भी इस फेस्टिवल में भ्रमण किया, आनन्द से सराबोर हो गया। इस कार्यक्रम इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाक कला, उद्यमिता, टीम वर्क, आत्मनिर्भरता तथा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना था। फूड फेस्टिवल में विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए गए स्वस्थ, स्वादिष्ट एवं पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक स्टॉल लगाईं, जिसने पूरे विद्यालय परिसर को एक मिनी फूड इंडिया का रूप दे दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शेफ, कुक और सेलर की भूमिका निभाते हुए व्यंजन तैयार किए और उन्हें प्रस्तुत किया। इससे उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और व्यवसायिक समझ का विकास हुआ। फूड फेस्टिवल का उदघाटन विद्यालय की डायरेक्टर जनरल श्रीमती सूरेन सूदन ने समस्त स्टाफ के साथ सामूहिक रूप से किया। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए राजस्थानी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. पी. एस. सूदन ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए नृत्य किया। कई विद्यार्थियों ने लाइव सॉन्ग प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। फेस्टिवल में सभी स्टॉल कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई थीं, जिनका आनंद कक्षा तीन से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने लिया। इस मेले की विशेषता यह रही कि भारत के विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध पारंपरिक व्यंजन एक ही मंच पर देखने और चखने को मिले।






राजस्थान की स्टॉल पर दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी, कचौरी और मिर्ची बड़ा विशेष आकर्षण रहे। पंजाब की स्टॉल पर छोले-भटूरे, मक्के की रोटी-सरसों का साग और लस्सी ने सभी का मन मोह लिया। गुजरात की स्टॉल पर ढोकला, खांडवी, थेपला और फाफड़ा-जलेबी प्रस्तुत किए गए। मध्यप्रदेश की स्टॉल पर पोहा-जलेबी, भुट्टे का कीस और दाल-बाफले ने लोगों को खासा आकर्षित किया। उत्तरप्रदेश की स्टॉल पर कचौड़ी-सब्जी, जलेबी और बनारसी पान की झलक देखने को मिली। महाराष्ट्र की स्टॉल पर वड़ा पाव, पाव भाजी, मिसल पाव और पूरण पोली ने खूब वाहवाही बटोरी। हरियाणा की स्टॉल पर बाजरे की रोटी, कढ़ी, छाछ और घी से बने व्यंजनों का स्वाद चखने को मिला। दिल्ली की स्टॉल पर छोले-कुलचे, मोमोज, चाट और गोलगप्पे बच्चों के बीच खासे लोकप्रिय रहे। वहीं जम्मू-कश्मीर की स्टॉल पर कश्मीरी पुलाव, कहवा और दम आलू जैसे व्यंजनों ने सभी को कश्मीर की संस्कृति से रूबरू कराया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. पी. एस. सूदन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को पाक कला में निपुण बनाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हैं। भविष्य में उच्च शिक्षा के दौरान स्वयं भोजन बनाने और अपने दैनिक जीवन को सहज बनाने में यह अनुभव उपयोगी सिद्ध होगा। साथ ही ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की मार्केटिंग स्किल और व्यावसायिक सोच भी मजबूत होती है। प्राचार्य श्रीमती निम्फिया सूदन रैड्डी तथा कार्यक्रम की ओवरऑल कन्वीनर भावना ग्रोवर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का आनंद लिया और फूड फेस्टिवल को अत्यंत सफल व यादगार बताया।

### ये रहे विजेता

फूड फेस्टिवल में सबसे अधिक बिक्री के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। इसमें कक्षा 8 वी ने प्रथम, कक्षा 8 पी ने द्वितीय तथा कक्षा 8 आई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा व्यक्तिगत स्पर्द्धा में अर्थव मिड्ढ़ा प्रथम, शानाया बंसल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रनव, मुकुल व नमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# Women Empowerment

The Annual Presentation of Class 8 'W' was thoughtfully conducted on the topic "Position of Women in Society." The programme began with a serene prayer, creating a calm and positive environment, followed by an inspiring thought that emphasized the dignity, strength, and valuable contribution of women in society.



Class 8 'W'

The presentation beautifully traced the journey of women from ancient times to the modern era. Through well-planned dramatic enactments and role plays, students portrayed the lives of women across different periods, highlighting their struggles, sacrifices, and gradual empowerment. A meaningful group discussion further enriched the audience. Students shared their views on women empowerment and discussed inspiring examples from our own city, Ganganagar. They highlighted the leadership and dedication of eminent women such as SP Dr. Amrita Duhan and District Collector Dr. Manju, who stand as powerful role models for today's generation. Their achievements and commitment to public service inspire women to be confident, self-reliant and determined to move forward.

The cultural segment of the assembly added grace and energy to the presentation. A classical Kathak dance on Nari Shakti beautifully expressed the inner strength, patience, and resilience of women. Overall, the Annual Presentation of Class 8 'W' was both informative and inspiring. It successfully conveyed the powerful message of gender equality, respect, and women empowerment, leaving a lasting impression on the audience and reinforcing the idea that empowered women are the foundation of a progressive society. Class teacher - Ms. Manju Khare.

# Human Resources - The Real Wealth of a Nation

The Annual Presentation of Class VIII-V was conducted on the thought-provoking topic "Human Resources - The Real Wealth of a Nation." The assembly began with soothing prayers that created a serene and positive atmosphere, filling hearts with peace and spirituality.




Class 8 'V'

The programme commenced with a meaningful skit that depicted how human skills, talent, and hard work are crucial for personal and national growth. Through dedication and proper use of abilities, the skit emphasized the importance of human effort in achieving success and progress.

The efforts of Class Teacher Ms Jyoti Khurana were also highly appreciated.

# Indian Judiciary - The Pillar of Justice

The Annual Presentation of Class 8 'R' was held on the topic "Indian Judiciary - The Pillar of Justice." The programme began with a peaceful prayer that created a calm atmosphere. This was followed by a meaningful thought highlighting the value of justice, equality, and truth in a democratic nation.




Class 8 'R'

The programme continued with an engaging group discussion in which students shared their views on the role of the Indian Judiciary in protecting fundamental rights and upholding the rule of law. They confidently spoke about the importance of courts, judges, and the Constitution in ensuring justice for all citizens.

A highlight of the programme was a thought-provoking skit based on the landmark case Shreya Singhal - Union of India. The cultural segment added vibrancy to the event. Students presented a graceful classical dance, followed by a soulful Hindi poem and an inspiring English poem reflecting the values of fairness and integrity.

The Annual Presentation of Class 8 'R' was both informative and entertaining, leaving the audience with a clear understanding of the Indian Judiciary and its vital role in a democracy.

# Celebrating Earth: Our Beautiful Planet

The Annual Presentation of Class II 'N' was organised on 3rd December 2025 on the topic"Earth - Our Beautiful Planet." The programme aimed to create awareness among students about the importance of protecting and preserving our environment. Through a variety of engaging performances, the young learners conveyed a meaningful message of love and care for the Earth.




Class 2 'N'

The event began with a serene prayer that set a calm and thoughtful atmosphere, reminding everyone of harmony with nature. This was followed by a Hindi poem in which students expressed their affection for Mother Earth and highlighted the need to conserve its natural resources. An English poem presentation further emphasized how Earth sustains life and why it is our responsibility to protect it. The students' clear articulation and confident expressions won appreciation from the audience.

An interactive group discussion allowed students to share their views on environmental protection, climate awareness and sustainable living. They suggested simple yet effective ways such as saving water, planting trees and reducing pollution.

A creative news segment was then presented, focusing on current environmental issues and global initiatives taken to safeguard the planet. This segment helped the audience understand the urgency of collective action.




Class 11 'I'

# A voice, a bill : a dream set free

The Annual Presentation of Class 11 'I' was held on the theme "Legislature". The assembly opened with a powerful reference to the epic Mahabharata, drawing attention to how the absence of fair laws and justice can lead to conflict and destruction. The opening set a reflective tone, highlighting the role of law and justice in shaping society. After the prayer the Thought of the Day reminded everyone that laws exist not to limit freedom, but to protect it.

The most engaging part of the assembly was the skit "The Journey of a Bill - The Public Examination Act." Class teacher : Mr. Mohit Singal

# Importance of Respect

The Annual Presentation of Class I 'R' was organised on a topic "Respect." The programme aimed to instil moral values and good manners among young learners, helping them understand the importance of respect in daily life. The event was thoughtfully planned and presented with great enthusiasm by the students.




Class 1 'R'

The programme commenced with a prayer, creating a calm and positive atmosphere. This was followed by a warm welcome address and the Thought of the Day, which beautifully set the tone for the day. Students then recited English and Hindi poems that highlighted the significance of kindness, politeness and respectful behaviour towards elders, teachers, friends and the environment.

One of the most engaging parts of the presentation was a skit titled " Respect the Tree." Through simple yet effective storytelling, the skit conveyed how small acts of respect can lead to positive changes and strengthen relationships. The performance was appreciated for its clear message and confident enactment by the students.

Adding colour and excitement to the programme, students also presented English and Hindi songs that reflected the spirit of respect and harmony. A lively group dance further energized the audience and showcased the students' coordination and enthusiasm.

# My Neighbourhood

The Annual Presentation of Class 2P was held on the topic was 'My Neighbourhood '. The morning prayer was spoken by Gurnidh and Dhvaj. In the group discussion, students had a discussion on the topic My Neighbourhood.

An English poem based on My Neighbourhood was recited by the whole class.




Class 2P

A Skit was presented by the students.A melodious English and Hindi song was presented by the students. An instrumental performance was given by Divit. A group dance was performed by boys and girls on the English Song “Together is stronger.” The whole presentation was supervised by Ms. Ruchika Kamra.

# Circadian Rhythm

Class 12 M Annual Presentation was a vibrant and memorable celebration of student life and academic learning, held on December 18, 2025, in the school auditorium. The programme beautifully blended scientific understanding, cultural expression, and heartfelt emotions.

The event commenced with a prayer, setting a serene and respectful tone, followed by an inspiring thought of the day. This was followed by an engaging group discussion on the topic "Circadian Rhythm", where students thoughtfully explored the biological significance of circadian rhythms and their impact on human health, productivity, and daily life. The cultural segment of the programme added colour and grace to the event. A classical dance performance from Maharashtra mesmerized the audience, followed by a soulful flute recital. An energetic Rajasthani folk dance further captivated the audience with its vibrant movements and traditional charm.



Class 12 M

A special moment of the evening was the live art performance, where a student created a beautiful portrait of the respected Managing Director Dr. Suden, paying tribute to his leadership and guidance. The event concluded on an emotional yet joyful note, celebrating cherished memories and marking the beginning of a new chapter for the Class XII of 2025. The assembly was filled with insightful discussions, rich cultural performances, sincere tributes, and unforgettable moments, all beautifully captured through photographs and videos.

# Role of RBI

The Annual Presentation of Class 11-G was held on 13 November 2025 on the topic "Role of RBI." The programme began with a well-enacted skit based on a real-life incident, highlighting the Punjab National Bank fraud case. The skit effectively showcased the functions and significance of the Reserve Bank of India in maintaining economic stability and regulating the banking system.




Class 11 G

Following the skit, an informative group discussion was conducted where students expressed their views on monetary policy, banking regulation, and the RBI's role in ensuring financial stability. The discussion reflected the students' understanding of key economic concepts and their practical implications.

Adding a creative touch, students presented a soulful English song and a thoughtful poem recitation, conveying messages related to responsibility, growth, and hope. These performances beautifully combined knowledge with artistic expression, engaging the audience effectively.

The programme concluded on a lively note with an energetic group dance performance on the songs "Kisi Ki Muskurahaton" and "Zindagi Ek Safar Hai Suhana," filling the atmosphere with joy and enthusiasm.

# Human Evolution and Civilizations


Class 11 'U'

The Annual Presentation of Class 11 'U' was successfully conducted on 14 November 2025 on the theme "Human Evolution and Civilizations." The programme was a meaningful blend of knowledge, creativity, and cultural expression, reflecting the students' deep understanding of human progress and societal values.

The event commenced on a serene and soulful note with a peaceful prayer composed by Rabindranath Tagore, which created an atmosphere of calm, harmony, and reflection. This was followed by the Thought of the Day, encouraging the audience to think about humanity, growth, and responsibility in the modern world.

Next, a group discussion was held where students thoughtfully explored how humans evolved from primitive life to advanced civilizations, highlighting the development of world civilizations and the formation of powerful empires. Their discussion reflected clarity of thought, confidence, and strong historical understanding.

The programme then featured a melodious instrumental performance, which captivated the audience with its soothing rhythm. This was followed by an impressive English skit titled "Time Glitch: The Evolution experience," which took the audience on a journey through different phases of human evolution-from the age of stone tools, the Darwinian era, the Indus Valley Civilization, to a futuristic AI courtroom. Adding musical charm to the event, students presented a beautiful English song, followed by a Hindi poem "Pragati Ki Parchhai," which highlighted the shadows and responsibilities that accompany progress. An English poem further enriched the audience with its thoughtful expression.

A graceful classical dance performance by some girls of Class 11 'U' showcased elegance, discipline, and cultural heritage. The programme concluded with a powerful group dance performance depicting the harmful effects of mobile addiction and ways to overcome it, spreading awareness about balanced and mindful living in today's digital age.

The event concluded with an inspiring address by the Honourable MD, Dr. P. S. Suden, who appreciated the students' efforts and emphasized the importance of values, humanity, and responsible progress.

# *Kindness - The Key to a Happy Life*



Class 1 'P'

**The** Annual Presentation of Class 1 'P' was conducted on the topic "Kindness" with great enthusiasm and innocence. The assembly began with a heartfelt prayer, which created a calm and positive atmosphere and reminded everyone to be loving and caring towards others. This was followed by the Thought of the Day, encouraging students to practice kindness in their daily lives.

The program continued with a sweet English poem and Hindi poem, where the young students beautifully expressed how small acts of kindness, such as sharing, helping, and smiling, can make the world a happier place. Their confident recitation and expressive actions won the hearts of the audience.

Next, the students participated in a group discussion on the importance of kindness, where they shared simple thoughts about helping friends, respecting elders, and being polite to everyone. Their ideas clearly reflected the true meaning of kindness.

A short and meaningful drama was then presented, showcasing everyday situations where kindness plays an important role in our lives.

# High Above the World


Class 2 S

**The** Annual Presentation of Class 2S was held on 4 December 2025 on the inspiring theme "High Above the World." The programme began with a morning prayer recited by Mehar, Khanak, and Kunjal, creating a calm and positive start to the day. This was followed by the Thought of the Day by Mehar and a warm welcome speech delivered by Jisha and Manvik.

The group discussion focused on the topic "High Above the World," where students shared their thoughts and perspectives, demonstrating confidence and clarity of expression. The event included recitations of an English poem and a Hindi poem on the theme of our planet Earth, performed by the entire class with enthusiasm and coordination.

A creative skit was enacted by a few students, adding a dramatic and engaging element to the presentation. Kavya, Kunjal, and Kiara presented melodious English and Hindi songs, which beautifully conveyed messages of love, care, and respect for the planet. The programme also featured a lively group dance performed by both boys and girls on an energetic English song, filling the audience with joy and excitement.

The entire presentation was supervised by Ms. Tripti Mudgal. The Principal appreciated the efforts of the students and their teacher, applauding their creativity and teamwork, and encouraged everyone to uphold moral values in daily life.

# International Competencies


Class 12 N

The Annual Presentation of Class XII-N was held on 17th December with great enthusiasm and intellectual depth on the contemporary and globally relevant theme "International Competencies." The assembly aimed to highlight the skills, values and cultural understanding required to succeed in an increasingly interconnected world.

The programme began on a serene note with a soulful prayer, creating a positive and reflective atmosphere. This was followed by the Thought of the Day, which emphasized global awareness, adaptability and mutual respect among different cultures and nations.

A well-structured group discussion helped students explore key international competencies such as effective communication, cultural sensitivity, collaboration, critical thinking and global citizenship. The discussion reflected the students' awareness of international challenges and their role in promoting harmony in a global society.

A captivating classical Kathak dance added grace to the assembly. The performance became special with the participation of Ms. Bhawna Kathak, whose expressive movements beautifully showcased India's rich cultural heritage. The highlight of the programme was a powerful skit that portrayed real-life situations requiring empathy, teamwork and cross-cultural understanding.

The cultural segment included meaningful Hindi and English poems, followed by a soothing Hindi Sufi song and an energetic English song promoting unity and peace. Overall, the programme was inspiring, informative and impactful, reinforcing the importance of developing international competencies among students.

# The Importance of Government




Class 6 'I'

'**The** annual presentation of Class 6 'I' was conducted on 19th November 2025 on the topic "Government." The programme began with a skit based on the working and role of the government. The students confidently enacted the roles of a teacher, students, the Governor, the Chief Minister, ministers, and citizens, effectively showing how various departments work together for the welfare of the people. After the skit, the audience was treated to a thoughtful poem recitation, where students expressed how good governance leads to equality, progress, and peace in society.

To conclude the programme, the students presented a vibrant and energetic group dance on mash-up songs. The annual presentation of Class 6 'I' was both enlightening and entertaining, leaving the audience inspired by the message of unity, responsibility, and the vital role of the government (both State and Central) in our lives. Class Teacher- Pooja Manocha

# *Understanding the People Around Us*



Class 2 G

**Nosegay** Public School, Sri Ganganagar, successfully organized its Annual presentation of Class 2 G on Friday, 5 December. The programme was held in the school's auditorium with great enthusiasm. The Annual presentation was based on the topic "People Around Us", highlighting the importance of different professions and roles in society. Students presented colorful and meaningful performances depicting doctors, police personnel, farmers, teachers and other community helpers, which were highly appreciated by the audience.

The programme commenced at 8:20 am and reflected the confidence, creativity and talent of young learners. The event was well-coordinated under the guidance of Class Teacher Ms. Ruhi Chawla. The event concluded on a joyful note, leaving parents and guests impressed with the holistic learning approach of the school.


Class 2I

# Our School: Where Dreams Take Shape

**The** Annual Presentation of Class 2 I was held on 9 December 2025 on the topic "Our School." The programme began with a morning prayer recited by Ashnoor and Samayra, creating a calm and positive start to the day. This was followed by the Thought of the Day by Ojasvi and a warm welcome speech delivered by Yashwardhan and Sanaya.

The group discussion focused on the topic "Our School." The entire presentation was supervised by Ms. Shobha Bhatia, who guided the students with dedication and care, making the event both enjoyable and memorable.

# Joy of Sharing


Class 1-I

**The** Annual Presentation of Class 1-I was conducted on 16 December 2025 on the theme "Sharing." The programme aimed to teach students the importance of sharing, caring, and helping others in their daily lives.

The event began with a short prayer, creating a peaceful and joyful atmosphere, reminding everyone that love and kindness make us better human beings. This was followed by a sweet Hindi poem, where students demonstrated how sharing toys, food, books, and smiles brings happiness to everyone.

An English poem recitation followed, explaining that sharing is a good habit and helps build friendships. The students spoke confidently, expressing their thoughts clearly. A small talk session allowed them to share ideas about helping classmates, caring for family members, and sharing things with friends.

The cultural segment included a melodious Hindi song highlighting friendship and kindness, followed by a cheerful English song encouraging children to share and help others happily. To conclude, students performed a lively dance symbolizing love, unity, and happiness, reinforcing the message that sharing brings people closer.

The presentation was informative, enjoyable, and full of positive values, leaving the audience inspired by the importance of sharing as a wonderful habit that spreads joy, love, and friendship.

# SCIENTIA-2025

## Science in Action: Students Explore, Experiment and Innovate



**December** proved to be an innovative and experimental month for the students of the school with the successful organization of the Annual Science Exhibition (Scientia). Held in the second week of December, the exhibition was open to the students of Classes 6 to 9 and Class 11, providing a vibrant platform for scientific exploration, creativity, and innovation.

Inspired, encouraged, and motivated by their teachers and parents, the budding scientists showcased a wide range of models, charts, and experiments with great enthusiasm and excitement. The exhibition remained open from 9:30 a.m. to 2:00 p.m., during which parents were also invited to visit and appreciate the students' work. Students from Classes 6 to 9, under the able guidance of their teachers, presented impressive models and charts that highlighted their conceptual understanding, imagination, and creativity. The exhibits covered diverse subjects such as Physics, Chemistry, Biology, Mathematics, and Computer Science. The students demonstrated excellent skills by explaining scientific principles through innovative working and non-working models.

Students of Class 11 from both Science and Humanities streams also displayed remarkable talent. As part of the school's annual academic initiative "Scientia", the exhibition aimed to nurture students' ideological potential, imagination, and creativity. The senior students presented thought-provoking projects and charts on a wide range of subjects including Physics, Biology, Chemistry, Mathematics, Computer Science, Environmental Pollution, Geography, History, Political Science, Economics, Music, and Painting, showcasing interdisciplinary learning.

The Managing Director Dr. P. S. Suden emphasized the importance of such exhibitions, stating that schools play a crucial role in shaping children for future life.

The Principal Ms. Nymphaea Suden Reddy appreciated the efforts of the students and teachers, noting that the exhibits included eco-friendly houses, electromagnetic cranes, anti-gravity devices, intelligent street light systems using sensors, and many other innovative models.

The Science Exhibition was a grand success, reinforcing the belief that science truly begins with wonder and grows through curiosity, creativity, and rational thinking.

# FRUGALISTA-2025

## Frugalista Programme for Class XI Commerce Students




**Sri Ganganagar.** Nosegay Public School organised the Frugalista Programme for the students of Class XI (Commerce stream) with the aim of strengthening their academic understanding, communication abilities and practical exposure to the world of business and commerce. The programme was thoughtfully designed to provide students with an interactive learning experience beyond textbooks, encouraging analytical thinking, creativity and leadership skills. The Frugalista Programme comprised four major events—Group Discussion, Business Quiz, PowerPoint Presentation and Ad Mania— each focusing on different aspects of commerce education and personality development. Students participated with great enthusiasm, confidence and competitive spirit, making the programme lively and intellectually enriching.

The Group Discussion was conducted on the topic "Future Challenges of India".

The Business Quiz event tested the students' knowledge of commerce-related concepts, current business affairs and general economic awareness. Questions related to trade, finance, entrepreneurship and recent developments in the business world encouraged students to take quick decisions. The quiz generated healthy competition among participants and improved their presence of mind and teamwork.

In the PowerPoint Presentation event, students delivered well-researched and informative presentations on a wide range of contemporary and subject-oriented topics. The Ad Mania event highlighted students' creativity and marketing skills. The topic "How will you promote admission in your school?" encouraged participants to design innovative promotional strategies using branding and communication techniques. Students impressed the audience with their originality, confidence and persuasive ideas.Overall, the Frugalista Programme provided an excellent platform for students to develop leadership qualities, confidence, presentation skills and practical knowledge of commerce. The school management and teachers appreciated the enthusiastic participation of the students and emphasised that such co-curricular activities play a vital role in holistic education and career readiness.

# मॉडल यूनाइटेड नेशंस में नोज़गे अव्वल

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मॉडल यूनाइटेड नेशंस प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने सभी श्रेणियों में शानदार सफलता प्राप्त की। श्रीगंगानगर के विभिन्न विद्यालयों के 120 से अधिक प्रतिभागियों के साथ हुई इस प्रतियोगिता में नोज़गे के छात्रों ने अपनी प्रतिभा, वक्तव्य कौशल और तर्क क्षमता के दम पर श्रेष्ठ स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेताओं एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली श्रेणी में कक्षा 9 वी की सांची सिडाना और पूर्वी अग्रवाल ने वर्बल मेंशन प्राप्त किया। कक्षा 8 पी के बलतेज सिंह ने हाई कमेंडेशन के साथ 3500 रुपये नकद पुरस्कार जीता, जबकि कक्षा 11 आई की धनी तिवारी ने बेस्ट डेलीगेट का सम्मान प्राप्त कर 5000 रुपये का नकद पुरस्कार हासिल किया। यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल में कक्षा 11 एच की मान्या शर्मा और कक्षा 10 एन के अर्जुन धींगड़ा ने वर्बल मेंशन प्राप्त किया तथा कक्षा 10 आई के रमनप्रीत सिंह ने हाई कमेंडेशन के साथ 3500 रुपये का पुरस्कार जीता। नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन में कक्षा 9 आर के नीलॉय बहल और कक्षा 10 आई की पूर्वी को वर्बल मेंशन मिला। कक्षा 11 एच की परनीत को स्पेशल मेंशन और कक्षा 9 वी की नेहल सिंगल ने हाई कमेंडेशन के साथ 3500 रुपये नकद पुरस्कार हासिल किया। ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टीज़ मीट में कक्षा 9 वी के विमादित्य बत्रा और कक्षा 10 वी के गुणगया शर्मा ने वर्बल मेंशन प्राप्त किया, जबकि कक्षा 9 वी के अरनव भोला ने हाई कमेंडेशन प्राप्त कर 3500 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। इंटरनेशनल प्रेस श्रेणी में कैरिकेचर सेक्शन में कक्षा 11 एच की मननत चौधरी को वर्बल मेंशन मिला। जर्नलिज़्म सेक्शन में कक्षा 9 वी की मुस्कान कपूर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बेस्ट जर्नलिस्ट का खिताब जीता और 5000 रुपये नकद पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही अर्णव भोला को ओवरऑल बेस्ट डेलीगेट घोषित किया गया, जो विद्यालय के लिए एक और उल्लेखनीय उपलब्धि रही। पूरी प्रतियोगिता में नोज़गे पब्लिक स्कूल को बेस्ट स्कूल घोषित किया गया, जो विद्यालय के उच्च शिक्षण स्तर, उत्कृष्ट मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की समग्र प्रतिभा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस शानदार सफलता पर नोज़गे पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी. एस. सूदन, डायरेक्टर जनरल श्रीमती सुरेन सूदन एवं प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नृत्यांजलि ने दर्शकों का मन मोहा

**श्रीगंगानगर।** नृत्यांजलि कार्यक्रम 2025 के उपलक्ष्य में नोज़गे पब्लिक स्कूल में नृत्यांजलि कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात कक्षा 9वीं की छात्रा आकृति चलाना ने कृष्ण वंदना पर मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा 3, 5, 6, 7, 8, 9 एवं 11 के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए विविध नृत्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की सभी नृत्य प्रस्तुतियों का संयोजन विद्यालय की कत्थक नृत्य प्रशिक्षक श्रीमती भावना कत्थक द्वारा किया गया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं की लगभग 50 बालिकाओं को प्रशिक्षण देकर मुख्य रूप से श्रीकृष्ण थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां तैयार करवाई।

कार्यक्रम में कक्षा 3 की बालिकाओं ने मुरली बजाइयो आ गयो.. पर गोपियों के रूप में मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 5 की बालिकाओं ने भरतनाट्यम नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 6 एवं 7 की बालिकाओं ने मुरली बैरन भई पर गोपियों के रूप में सुंदर प्रस्तुति दी। जबकि कक्षा 8 एवं 9 की बालिकाओं ने भावपूर्ण कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया।

इसके उपरांत श्रीमती भावना कत्थक ने कक्षा 11 की छात्रा के साथ राधा कृष्ण नृत्य की प्रभावशाली




प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन से पूर्व सभी विद्यार्थियों ने महारास प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन, डायरेक्टर जनरल सुरेन सूदन, निदेशक सहशैक्षणिक गतिविधियां श्रीमती विनीता मित्तल ने सभी विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी।

# किंडरगार्डन डांस प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन

## किंडरगार्डन डांस प्रतियोगिता ने मन मोहा

**श्रीगंगानगर।** नोज़गे पब्लिक स्कूल में किंडरगार्डन के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए एक भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और आत्मविश्वास से सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी वेशभूषा, मनमोहक संगीत और मासूम अदाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे।

प्रतियोगिता में कक्षा अनुसार परिणाम घोषित किए गए। नर्सरी सैक्शन में कक्षा नर्सरी पी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,




जबकि नर्सरी एन एवं नर्सरी जी द्वितीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार एलकेजी सैक्शन में एलकेजी एस प्रथम रही तथा एलकेजी एन, एलकेजी पी एवं एलकेजी जी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। यूकेजी सैक्शन में यूकेजी आर ने प्रथम, यूकेजी एस ने द्वितीय तथा यूकेजी जी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया।

विजेता कक्षाओं की क्लास टीचर्स प्रियंका सोनी, प्रभज्योत कौर, प्रीति शर्मा, अनुरीत, भावना शर्मा, दृष्टि किंगर, मोनिका नारंग, अलका बंसल, मानसी अरोड़ा एवं खुश्बू लूना के समर्पित प्रयासों की विशेष सराहना की गई। इन टीचर्स ने बच्चों को अभ्यास के दौरान न केवल नृत्य की बारीकियां सिखाईं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और मंच पर प्रस्तुति का साहस भी विकसित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.पी.एस. सूदन एवं डायरेक्टर जनरल श्रीमती सूरेन सूदन सहित समस्त प्रबंधन एवं स्टाफ उपस्थित रहा। उन्होंने बच्चों की सुंदर प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा शिक्षकों के प्रयासों को भी सराहा। प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, सामाजिकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं, जो उनके उज्जवल भविष्य की नींव बनते हैं।

# पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीकरणपुर के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

**श्रीगंगानगर।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीकरणपुर के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने नोज़गे पब्लिक स्कूल का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन करते हुए उनसे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

विद्यालय की डायरेक्टर एडमिन श्रीमती रचना भटनागर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भ्रमण ट्वीनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं



विद्यालयी व्यवस्थाओं से परिचित कराना है।

भ्रमण के दौरान नोज़गे पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन एवं प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ को विद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली, सह शैक्षणिक गतिविधियों तथा अनुशासन व्यवस्था से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ तथा उनके शैक्षणिक दृष्टिकोण में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली। विद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अत्यंत उपयोगी बताया।

Printed by Nymphaea Suden Reddy and Published By Nymphaea Suden Reddy on behalf of Nosegay Public School and Printed at Pareek Computer Printers, Power House Road, Sri Ganganagar, Rajasthan and Published at Nosegay Public School, Hanumangarh Road, Sriganganagar State Rajasthan. Editor : Dr. Papinder Singh Suden